सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 96 | इंदौर, गुरुवार 12 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# जंग लड़ने के लिए विदेशों से लौट रहे इजराइली

## यूनिटी गवर्नमेंट बोली- हमास को मिटा देंगे

**भारतीयों को निकालने के लिए फ्लाइट भेजेगी सरकार**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इजराइल-हमास जंग का आज छठा दिन है। बुधवार को इजराइल सरकार ने जंग पर नजर रखने के लिए यूनिटी गवर्नमेंट और 3 सदस्यीय वॉर कैबिनेट बनाई है। नई सरकार में विपक्षी पार्टी को भी शामिल किया गया है। कैबिनेट में प्रधानमंत्री नेतन्याहू, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज और मौजूदा डिफेंस मिनिस्टर योव गैलेंट रहेंगे।

दूसरी तरफ, दुनियाभर से हजारों इजराइली जंग में शामिल होने के लिए अपने वतन लौट रहे हैं। ग्रीस से लेकर न्यूयॉर्क तक एयरपोर्ट पर इजराइलियों की भीड़ है। इजराइली मीडिया के मुताबिक, सेना ने रिजर्व सैनिकों की संख्या 3.60 लाख कर दी, इसीलिए इजराइलियों में घर लौटने की होड़ मची है।

बुधवार को इजराइल ने रातभर गाजा पर हमले किए, जिसमें करीब 51 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। 7 अक्टूबर से शुरू हुई जंग में अब तक 2,327 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से करीब 1,200 इजराइली हैं। अब तक करीब 1,127 फिलिस्तीनियों ने भी जान गंवाई है।

### रक्षा मंत्री बोले- अब जंग के सारे नियम खत्म, गाजा को 180 डिग्री बदल देंगे

इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा- हमने युद्ध के सभी नियम खत्म कर दिए हैं। हमारे सैनिक अब किसी भी चीज के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। उन पर मिलिट्री कोर्ट में कोई केस दर्ज नहीं होगा। हमास गाजा को बदलना चाहता था, हम इसे 180 डिग्री तक बदल डालेंगे। वे इस बात के लिए हमेशा पछताएंगे कि गाजा अब कभी भी पहले जैसा नहीं हो पाएगा।

### क्या है यूनिटी गवर्नमेंट और वॉर कैबिनेट

इजराइल में हमास के खिलाफ वॉर कैबिनेट या यूनिटी गवर्नमेंट बन गई है। ऐसा 1973 के बाद पहली बार हुआ है। यूनिटी गवर्नमेंट यानी ऐसी सरकार जिसमें सभी पार्टियां शामिल हैं। ये जंग के वक्त बनती है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, वॉर कैबिनेट में 3 मेंबर्स हैं।

### भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन अजय की शुरुआत

वहीं, भारत सरकार ने इजराइल में फंसे 18 हजार भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन अजय की घोषणा की है। इसके लिए आज पहली फ्लाइट रवाना होगी। इस दौरान इंडियन नेवी भी मदद के लिए तैयार रहेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- भारत सरकार ऑपरेशन अजय के तहत भारतीयों को वापस लाएगी। जो भी वापस आना चाहे, आ सकता है।

इजराइल में भारतीय राजदूत ने बताया कि पहली फ्लाइट से भेजे जाने वाले रजिस्टर्ड लोगों की जानकारी ईमेल कर दी गई है। अगली फ्लाइट के लिए अन्य रजिस्टर्ड लोगों की जानकारी भेजी जाएगी। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास के मुताबिक, इजराइल में मौजूद सभी भारतीय फिलहाल सभी सुरक्षित हैं। इजराइल पहुंचे भारतीय पर्यटकों ने दूतावास से सुरक्षित निकाले जाने की अपील की है।

# भाजपा की सिफारिश पर बदले अफसर

**◆ कांग्रेस नेता ने सौंपी 66 नामों की लिस्ट, चुनाव आयोग सख्त**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। छिंदवाड़ा जिले में भाजपा नेताओं की सिफारिश पर अफसरों को हटाने और पदस्थ करने के आरोप लगे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक दीपक सक्सेना ने आचार संहित लगने के दूसरे दिन इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। सक्सेना ने शिकायत में कहा है कि भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने एक सिफारिशी पत्र जून में सीएम शिवराज सिंह चौहान को लिखा था। इसमें 66 अफसरों के नाम थे। उन्होंने इसकी शिकायत अगस्त माह में कलेक्टर से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सक्सेना की शिकायत पर अधिकारियों की पदस्थापना की जानकारी कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा से मांगी है। पत्र के साथ अफसरों की जो सूची सीएम शिवराज को भेजी गई थी, उसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू के अलावा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, परमजीत विज, कांता ठाकुर, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, पूर्व विधायक मारोतराव खवसे, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेषराव यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी ने हस्ताक्षर किए हैं।

### भाजपा नेताओं के पत्र में इन अफसरों के नाम

चुनाव आयोग तक अधिकारियों की पोस्टिंग वाली जो सूची पहुंची है, उसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अमित वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक विदिशा सौरव आर तिवारी की पदस्थापना छिंदवाड़ा जिले में करने के लिए कहा था। साथ ही डीएसपी उमरिया जितेंद्र सिंह जाट, सीएसपी छिंदवाड़ा प्रियंका पांडे, डीएसपी अजाक अमन मिश्रा और डीएसपी सीआईडी पीएचक्यू अजय राणा की पोस्टिंग छिंदवाड़ा में करने के लिए कहा है। जिन निरीक्षकों की छिंदवाड़ा में पोस्टिंग करने के लिए सिफारिश की गई है, उसमें राखी झा, राकेश तिवारी, महेंद्र शाक्य, निरूपा पांडे, अजय मरकाम, आशीष धुर्वे, मनोज पटवा और विकास पटेल के नाम हैं। ये अलग-अलग जिलों, लोकायुक्त पुलिस संगठन में पदस्थ रहे हैं। सूची में यह भी उल्लेख है कि संबंधित अधिकारी की पोस्टिंग किस पुलिस अनुविभाग में की जानी है। साथ ही डीएसपी एमएस राठौर को रायसेन से छिंदवाड़ा, श्वेता शर्मा डीएसपी और रोहित लखारे को छिंदवाड़ा जिले से बाहर पदस्थ करने के लिए कहा है।

### नेताओं ने इन अफसरों को छिंदवाड़ा भेजने के लिए कहा

चुनाव जीतने के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा कैडर के जिन अफसरों को छिंदवाड़ा में पदस्थ करने के लिए कहा गया, उसमें अपर कलेक्टर उमरिया खेमचंद वोपचे, संयुक्त कलेक्टर इंदौर नितिन कुमार टाले, संयुक्त कलेक्टर उमरिया हेमकरण धुर्वे को छिंदवाड़ा लाने और डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा मनोज प्रजापति को जिले से बाहर करने के लिए कहा है। साथ ही सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा पार्थ जायसवाल को जिले से बाहर भेजने, नितिन बिजवे को सीएमओ बैतूल से परासिया लाने, संयुक्त आयुक्त राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राकेश कुमार शुक्ला को छिंदवाड़ा पदस्थ करने के लिए कहा है। पड़ताल में सामने आया है कि अपर कलेक्टर खेमचंद वोपचे और संयुक्त कलेक्टर हेमकरण धुर्वे की पदस्थापना भी छिंदवाड़ा में हो चुकी है।

छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक दीपक सक्सेना की शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने छिंदवाड़ा कलेक्टर से आचार संहिता लागू होने के बाद ऐसे अधिकारियों की पदस्थापना की जानकारी मांगी है। कांग्रेस ने इसको लेकर पूर्व में भी शिकायत की थी। तब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जांच रिपोर्ट मांगी थी।

# इंदौर से चलने वाली तीन जोड़ी ट्रेनें 14 अक्टूबर तक रहेंगी निरस्त

## भोपाल मंडल में तीसरी लाइन कार्य के कारण कई ट्रेनें रहेगी निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रतलाम मंडल के इंदौर से चलने वाली तीन जोड़ी ट्रेनें 14 अक्टूबर से निरस्त रहेगी। वहीं एक ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। पश्चिम रेलवे भोपाल मंडल के बुधनी-बरखेड़ा घाट सेक्शन में तीसरी लाइन को कमिशन करने के लिए नान इंटलाकिंग कार्य करने के लिए ब्लाक लिया गया है। इसलिए रतलाम मंडल से गुजरने वाली 10 ट्रेनें निरस्त और सात ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी।**




भोपाल मंडल में तीसरी लाइन के लिए प्रस्तावित ब्लाक के कारण इंदौर से चलने वाली 19343 इंदौर-सिवनी एक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। वहीं 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर एक्सप्रेस छिंदवाडा से 16 से 28 तक नहीं चलेगी। इसके अलावा डॉ. आंबेडकर नगर-नागपुर एक्सप्रेस, डॉ. आंबेडकर नगर से 24 अक्टूबर को चलने वाली और 12924 नागपुर-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस नागपुर से 25 अक्टूबर से चलने वाली निरस्त रहेगी। 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस बिलासपुर से 14 से 26 अक्टूबर और 18233 इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस 15 से 27 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा हिसार-तिरुपति-हिसार एक्सप्रेस 14 से 24 तक और हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस 16 से 27 तक निरस्त रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी इंदौर-जबलपुर

भोपाल मंडल के प्रस्तावित ब्लाक के कारण जबलपुर से चलने वाली जबलपुर-इंदौर ट्रेन 23 से 27 तक वाया जबलपुर-कटनी-मुरवाड़ा-बीना-भोपाल चलेगी। वहीं, इंदौर से चलने वाली इंदौर-जबलपुर ट्रेन 23 से 28 तक वाया भोपाल-बीना-कटनी मुरवाड़ा-जबलपुर चलेगी। इसके अलावा जबलपुर-सोमनाथ-जबलपुर, अहमदाबाद-बरौनी-अहमदाबाद भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

# शस्त्र जमा करने अथवा जमा करने की छूट प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी गठित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई हैं। जिले में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु समस्त पुलिस थाना क्षेत्रों की सीमाओं में रहने वाले एवं उपलब्ध समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों के शस्त्र जमा करने अथवा जमा करने की छूट प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई हैं। इस संबंध में आदेश जारी हो गये हैं। इस कमेटी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी, पुलिस उपायुक्त आसूचना एवं सुरक्षा नगरीय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी इंदौर एवं झोन क्रमांक 1 से 4 तक के सभी सहायक पुलिस उपायुक्त रहेंगे। यह कमेटी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशांनुसार एवं बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के परिपालन में गठित की गई हैं। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी समय-समय पर इंदौर जिले में शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों के शस्त्र जमा करने के संबंध में समीक्षा करेंगी तथा शस्त्र जाम करने के संबंध में राज्य शासन व निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अध्यधीन छूट प्रदाय करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों के संबंध में समुचित निर्णय/निर्देश प्रदान करेगी।

### जनता को भ्रमित कर रहे राहुल

**इंदौर।** भाजपा कार्यालय पर राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रवक्ता सुमेर सिंह सोलंकी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। सोलंकी ने कहा कि राहुल गांधी मध्य प्रदेश के शहडोल में आकर हमारे आदिवासी भाई-बहनों के बीच भ्रम फैला रहे हैं। आदिवासी, जनजाति, वनवासी शब्दों में विभेद करके भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। मेरी उनको सलाह है कि वह प्राथमिक रूप से आदिवासी संस्कृति, खान पान को देख लेते, समझ लेते तो राहुल गांधी शब्दों का भ्रम नही फैलाते। अपनी झूठी योजनाएं गिनाकर वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

# सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास का विरोध

### ◆इंदौर के समाजजन बोले- रोप वे नहीं चाहिए, आंदोलन की चेतावनी दी

इंदौर। सम्मेद शिखरजी को पर्यटन क्षेत्र बनाने के विरोध के बाद भी सरकार द्वारा शिखरजी पर रोप वे बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सरकार की इस हठधर्मिता की दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के मंत्री डॉ. जैनेन्द्र जैन ने कड़ी निंदा की है। परवार समाज के अध्यक्ष राजेश लारेल जैन ने कहा कि झारखंड सरकार से की गई मांग का पुरजोर समर्थन पुलक मंच के अध्यक्ष प्रदीप बड़जात्या, कैलाश लुहाडिया, कमल रावका, परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष मुक्ता जैन, सारिका जैन एवं महिला परिषद् की केंद्रीय अध्यक्ष निर्मला पीसी जैन, प्रभा जैन आदि ने झारखंड एवं केंद्र सरकार से जैन समुदाय के तीर्थ श्री सम्मेद शिखर को पवित्र स्थल ही रखे जाने की मांग की है। यदि सरकार पवित्र तीर्थ स्थल को पर्यटक स्थल बनाए जाने के लिए अड़ी रही तो समूचा जैन समाज इसका सडकों पर आकर विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करेगी।

# आचार संहिता-रात 10 बजे तक ही हो सकेंगे गरबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चुनाव आचार संहिता का असर इस बार नवरात्रि पर होने वाले गरबों पर भी पड़ेगा। पूरे इंदौर में नवरात्रि का त्यौहार भक्तिभाव और उल्हास के साथ मनाया जाता है। देर रात तक गरबा पांडाल में गरबों की धूम रहती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। चुनाव आचार संहिता के चलते इस बार गरबा पांडालों में रात 10 बजे बाद ही गरबे हो सकेंगे। आयोजकों को इससे पहले आयोजन को बंद करना होगा। इधर कांग्रेस इसके खिलाफ मैदान में उतर आई है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने शासन पर धर्म विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सवाल किया है कि जिस शहर में नवरात्री पर उत्सवप्रियता चरम पर होती है। बड़े पैमाने पर शीतकालीन नवरात्रि में गरबों का आयोजन होता हो, बड़े बड़े मीडिया घराने, मंडल, समाजिक संस्थाएं आदि गरबा महोत्सव आयोजित करते हों वहां चुनाव आचार संहिता के नाम पर गरबा महोत्सव को रात दस बजे तक सीमित किया जाना हिटलरशाही है। परंपरागत आयोजन, त्यौहार आचार संहिता की हद से बाहर होते हैं। आचार संहिता में राजनीतिक दलों की बैठक, सभा, माइक लगाकर प्रचार आदि रात दस बजे बाद करने पर पाबंदी है। द्विवेदी ने जिला प्रशासन से गरबों को रात 10 बजे बाद भी अनुमति देने की मांग की है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# सम्मेद शिखर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**इंदौर। इंदौर के जैन समाज के 350 से ज्यादा समाजजनों ने सर्वोच्च सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर मधुवन में आचार्य 108 प्रमाण सागर जी के सानिध्य मै विशाल शोभायात्रा रथ पर श्री जी को विराजमान कर बैंड बाजे के साथ शाकाहार और अहिंसा के संदेश के साथ निकाली गई ।**

दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष राकेश विनायका, शिरोमणि संरक्षक श्रीमती पुष्पा कासलीवाल,अमित कासलीवाल के मुख्य आतिथ्य में,महायात्रा संघ प्रमुख अजय रेखा जैन,स्वर्ण रथ में श्रीं जी के साथ शोभायात्रा निकली।रथ यात्रा में सोधर्म इंद्र के पुण्याअर्जक श्री सुधीर सोनी,सजल सोनी, शिखर-महिमा अग्रवाल रहे।

मीडिया प्रभारी होलास सोनी ने बताया की शोभायात्रा में महीलाए केशरिया साडी में गरबा एवं पुरुष सफेद पारंपरिक परिधान में भजन गायक सुभाष काला के भजनो पर झूम कर नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा का समापन समारोह आचार्य श्रीं प्रवचन के बाद शांतिधारा के साथ हुआ,शांति धारा करने का सौभाग्य श्री आर.के जैन,मनोज कल्पना बाकीवाला,मुकेश बाकलीवाल ने प्राप्त किया। शोभायात्रा में फेडरेशन के विभिन्न शहरो से पधारे पदाधिकारियो सर्व श्री आर. के जैन, हंसमुख गांधी, विमल अजमेरा, सुमत लुहाडिया,प्रदीप चौधरी,कमल अग्रवाल,अविनाश जैन, देवेंद्र कांसल,जम्बू धवल, हेंसल पहाडिया, कमल अग्रवाल, सुबोध जैन,सनिल शाह, राजीव गिरधरवाल,डि.के. जैन(डीएसपी), राजेन्द्र (टी. आई), मनीष जैन, आशीष जैन सुतवाला,अतुल मित्तल,मनोज बाकलीवाल, सुधीर जैन, नरेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कल निकलेगी प्रभातफेरी, विभिन्न मंचों से करेंगे स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी का मंच से स्वागत किया जाएगा। इसमें समाज के महिलाएं और पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रभारी विजय बाबू बंसल ने बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह 7 बजे सीताश्री अपार्टमेंट एरोड्रम रोड से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। पहले अग्रसेन महाराज की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद नरसिंग वाटिका तक प्रभातफेरी निकाली जाएगी। विभिन्न मंचों से प्रभातफेरी का स्वागत किया जाएगा। नरसिंग वाटिका पहुंचने पर महाआरती, प्रसादी के बाद प्रभातफेरी का समापन होगा। प्रभातफेरी में महिलाएं और समाज के नितिन अग्रवाल, किशोर गोयल, राजेश बंसल, पवन सिंघल आदि समाजजन शामिल होंगे।

**मतदान दलों का चार दिवसीय प्रशिक्षण जारी**

# संभागायुक्त श्री मालसिंह एवं कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में सुव्यवस्थ?ति रूप से मतदान कराने के लिए मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। जिले में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण का आज दूसरा दिन था। संभागायुक्त श्री मालसिंह एवं कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा।



## आदर्श मतदान केन्द्र बना आकर्षण का केन्द्र

प्रशिक्षण स्थल होल्कर साइंस कॉलेज मे मतदान कर्मियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिये आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया हैं। यह मतदान केन्द्र प्रशिक्षणार्थियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं। संभागायुक्त श्री मालसिंह और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इस आदर्श मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं को देखा। बताया गया कि यह मतदान केन्द्र प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिये बनाया गया हैं। इसमें उन्हें बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपेट, मतदान की प्रक्रिया, मतदान के संबंध में बने नियम-कानून, मतदान के संबंध में जारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों, पीठासीन अधिकारी के अधिकार एवं कर्तव्य आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

होल्कर सांइस कॉलेज के अकादमिक भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले 3200 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज भी लगभग 3200 अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षित किये गये। इस तरह दो दिन में 6400 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। कुल चार दिनों में लगभग इस हजार अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षत करने का कार्यक्रम हैं। संभागायुक्त श्री मालसिंह और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी आज सुबह होल्कर साइंस कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया जाये। उन्हें हर बारिकी से अवगत कराया जाये। निर्वाचन आयोग के नियम और निदेर्शों की विस्तृत जानकारी दी जाये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वय अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दस अक्टूबर से प्रारंभ किया गया हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 कमरों में प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित हो रहा हैं। पहला सत्र सुबह 10 बजे से शुरू होता जो दोपहर एक बजे तक चलता हैं। इसी तरह दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 80 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# राष्ट्रीय ऑथोर्डोन्टिक सप्ताह का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शासकीय एवं स्वशासी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऑथोर्डोन्टिक सप्ताह का शुभारंभ हुआ हैं। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या जैन ने बताया कि महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ऑर्थोडॉन्टिक चिकित्सा जिसमें दातों में तार कसकर आड़े-टेढ़े दांतों एवं जबड़े का इलाज किया जाता है के संबंध में जागरुकता लायी गयी इस संबंध में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रील एवं मुस्कान प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित उपस्थित थे।

प्राचार्या डॉ. संध्या जैन ने ऑर्थोडॉन्टिक चिकित्सा के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। सप्ताह के शेष दिनों में छप्पन दुकान पर नुक्कड़ नाटक एवं विद्यालय में ऑर्थोडॉन्टिक्स संबन्धी जागरुकता का आयोजन भी किया जाएगा। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत मिनी स्क्रू द्वारा जबड़े की विकृति के इलाज संबंधित कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा।

# जिला स्तरीय व्यय निगरानी समिति का गठन

◆ संभागायुक्त, कलेक्टर की उपस्थिति में बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार व्यय संवेदनशील क्षेत्रों का चिंहाकन कर निर्वाचन आयोग के नियम और निदेर्शों के पालन और समन्वय के लिये जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया हैं। इस समिति की पहली बैठक आज कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री मालसिंह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि इस समिति में डिप्टी कमिश्नर शहरी क्षेत्र श्री हंसराज सिंह, सहायक आयुक्त केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर श्री एन सुर्यनारायण अय्यर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रूपेश द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नार्कोटिक्स श्रीमती हेमलता अग्रवाल, सहायक आयुक्त वाणिज्यकर डॉ. कुश बोहरे, सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे तथा एसडीओ फॉरेस्ट श्री योहान कटारा को शामिल किया गया हैं। इस समिति के समन्वयक अधिकारी अपर कलेक्टर श्री रोशन राय रहेंगे। उनके सहयोग हेतु नोडल अधिकारी व्यय लेखा श्री टी.एस. बघेल को भी नियुक्त किया गया हैं। यह समिति निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुये जानकारी एकत्रित कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल तथा जिला निर्वाचन कार्यालय इंदौर को रिपोर्ट प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करेगी।



## निर्वाचन संबंधी एकल खिड़की का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री मालसिंह और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इस बैठक से पूर्व कलेक्टर कार्यालय में स्थित निर्वाचन की संबंधी एकल खिड़की का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी अधिकारी से चर्चा कर निर्वाचन के दौरान दी जाने वाली विभिन्न अनुमतियों और अनापत्तियों की जानकारी ली। उन्होंने अनुमति जारी करने की प्रक्रिया के बारे में भी चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने यह कक्ष सुव्यवस्थित रुप से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधितों को समय सीमा में सुविधाजनक रुप से अनुमतियां मिल जाये यह सुनिश्चित किया जाये।

◆ सीजीएमपी दिवस मनाया

# मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के महत्व को समझाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज इंदौर ने भारतीय फामेर्सी कौंसिल, इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग एसो. और इंडियन फार्मास्यूटिकल एसो., म.प्र. राज्य शाखा के सहयोग से नेशनल करेंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (सीजीएमपी) डे-2023 मॉडर्न कैंपस में आयोजित किया। अतिथियों में डॉ. एस. बी. रिझवानी (आईपीए के औद्योगिक फामेर्सी विभाग के उपाध्यक्ष), विशेष अतिथि अनिल भाटिया (शॉन फार्मा. लि. के प्रबंध निदेशक) और विनय वर्मा (क्वालिटी आइडल कंसल्टेंसी एंड फॉर्मर प्रेसिडेंट, सिंबियोटेक फामार्लेब) रहे। स्वागत भाषण डॉ. अनिल खरया (आईपीए म.प्र. राज्य शाखा के अध्यक्ष, आईडीएमए के उपाध्यक्ष व एमजीआई, इंदौर प्रभारी) ने दिया। अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए फामेर्सी के क्षेत्र में सीजीएमपी की अवधारणाओं और कर्मचारी मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस के महत्व को समझाया। अतिथियों का स्वागत संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. नीतेश कुमार जैन, डॉ. कीर्ति मालवीय, डॉ. नेहा शर्मा चौधरी, अनामिका सिंह, प्रीति मूले आदि उपस्थित रहे।

# इंदौर में पिछले चुनाव की तुलना में 2.80 लाख नए वोटर, इनमे 94 हजार युवा वोटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 27 लाख 62 हजार 507 मतदाता राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। इनमें 94 हजार से ज्यादा युवा वोटर है। जिन्हें उम्मीदवार अपना बनाने की कोशिश करेंगे। कुल मतदाता में 13 लाख 96 हजार 525 पुरुष और 13 लाख 65 हजार 871 महिला मतदाता है।**

इंदौर की पांच नंबर विधानसभा मतदाता के लिहाज से सबसे बड़ी है। यहां 4.13 लाख मतदाता हैं,जबकि तीन नंबर विधानसभा में सबसे कम मतदाता है। इस विधानसभा में कुल 188246 मतदाता है। इंदौर की चार नंबर विधानसभा सीट में महिला मतदाता की संख्या पुरुष से 49 ज्यादा है। इस सीट पर पुरुष मतदाता 120349 है, जबकि महिला मतदाता 120398 है। इंदौर में 18 से 19 की उम्र के 94 हजार 18 मतदाता है, जबकि 20 से लेकर 29 की उम्र के मतदाता की संख्या 6 लाख है। 162 वोटरों की उम्र 100 से ज्यादा है। क्षेत्र क्रमांक 5 में सबसे ज्यादा वोटर होने के कारण वहां बूथों की संख्या भी सबसे अधिक 341 है।




## ◆ वोटरों को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए ऑफर

इंदौर के हर विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कार्यालय ने 50 बूथ चिन्हित किए है, जहां पिछले चुनाव में कम वोटिंग हुई थी। उन बूथों पर मतदात प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास इस बार अफसर करेंगे। इन बूथों पर मतदाता को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए डिस्काउंट कूपन , मॉल के कूपन दिए जाएंगे। आदर्श बूथ भी हर विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाएंगे। दिव्यांग मतदाता के लिए हर बूथ पर रैम्प भी बनाए जाएंगे। उनके लिए पोस्टल बैलेट का विकल्प भी रहेगा।

इजराइल-हमास युद्ध में फंसी प्रदेश की छात्रा:पिता से बोली-

# सायरन बजते ही डेढ़ मिनट के अंदर बंकर में जाना पड़ता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़। इजराइल-हमास युद्ध के बीच मध्यप्रदेश की एक छात्रा येरूशलम में फंस गई है। उसने अपने पिता को फोन पर बताया कि सायरन बजते ही डेढ़ मिनट के अंदर बंकर में जाना पड़ता है। हॉस्टल में जो कुछ खाने-पीने का इंतजाम है, उससे ही काम चला रही है।**

टीकमगढ़ जिले के शिव धाम कुंडेश्वर की रहने वाली स्वाति सिरोटिया 2020 में एग्रीकल्चर से एमएससी करने इजराइल गई थीं। उन्हें इसी महीने डिग्री कंप्लीट होने पर घर लौटना था, लेकिन 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया। उनके पिता राजेंद्र सिरोटिया ने बताया कि स्वाति येरूशलम की हिब्रू एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से मास्टर डिग्री कर रही हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने में वह घर आई थीं। करीब 1 महीने रहने के बाद नवंबर में वापस इजराइल गई थीं। इसी साल अक्टूबर महीने में स्वाति की डिग्री कंप्लीट हो रही है। वह थीसिस के लिए वहां रुकी हुई थी। मंगलवार सुबह स्वाति से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया कि फिलहाल वह हॉस्टल में सुरक्षित है।

### भारत के करीब 3 हजार बच्चे फंसे

परिवार से वीडियो कॉल पर स्वाति ने बताया- इजराइल में सिर्फ एक एयर लाइन सेवा चल रही है। इंडिया के लिए डायरेक्ट फ्लाइट 14 अक्टूबर तक बंद है। हमारे लिए एंबेसी ने कुछ नहीं किया। कोई मदद नहीं की। स्पैनिश गवर्नमेंट ने प्लेन भेजकर अपने छात्रों को एयरलिफ्ट कर लिया है। स्वाति ने कहा, ह्यहां पर इंडिया के लगभग 3 हजार बच्चे होंगे। हमारे कैंपस में ही 25 से 30 भारतीय बच्चे हैं। हम यहां बंकर में ही रह रहे हैं। ये हमारे रूम जैसे ही हैं, बस दीवार ज्यादा मजबूत है।

### केंद्र और प्रदेश सरकार से लगाई गुहार-

राजेंद्र सिरोटिया ने अपनी बेटी को सुरक्षित भारत लाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है। उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन को पत्र भी सौंपा है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम शिवराज सिंह चौहान से बेटी को सुरक्षित घर लाने की अपील की है।

# तेंदुए ने किया युवती का शिकार

## आधी रात को घर से बाहर निकली तो खींच ले गया; खेत में मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में मंगलवार रात तेंदुए ने 23 साल की युवती को मार डाला। बुधवार सुबह उसका शव घर से कुछ दूर मक्के के खेत में मिला। युवती की गर्दन और चेहरे पर तेंदुए के हमला करने के निशान हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच शुरू कर लोगों को अलर्ट रहने को कहा गया है।**

घटना जिले की हर्रई तहसील में दाम खोह ग्राम पंचायत के ईमझिरी गांव की है। यह इलाका छिंदी फॉरेस्ट डिविजन में आता है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए का मूवमेंट ईमझिरी के आसपास कई दिन से है। इसकी शिकायत भी की गई थी। दैनिक भास्कर ने इस बारे में जानकारी लेने के लिए डीएफओ विजेंद्र श्रीवास्तव को फोन लगाया लेकिन उनकी तरफ से कोई रिस्पॉन्स नहीं आया है।

### रात में शौच के लिए निकली तो झपटा तेंदुआ

ग्रामीणों ने बताया कि रजनी भलावी पिता क्रेसलाल भलावी मंगलवार रात घर में परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब 12 बजे वह शौच के लिए घर से बाहर निकली, तभी तेंदुआ उस पर झपट पड़ा। तेंदुआ उसे खींचकर मक्के के खेत में ले गया। बाद में शव छोड़कर भाग गया। बुधवार सुबह रजनी के चाचा की लड़की कविता खेत की तरफ गई, तब घटना का पता चल सका।

### 5 साल पहले तेंदुए ने 4 बच्चों को बनाया था शिकार

जनवरी-फरवरी 2018 में छिंदी रेंज में ही आदमखोर तेंदुए ने चार बच्चों को शिकार बनाया था। 7 जनवरी 2018 को तेंदुए ने मोहली और बिजौरी झीलढाना गांव में तीन साल की कल्पना और दस साल के हर्षित को मार डाला था। 9 जनवरी को बीजाढाना में 12 साल के प्रेम को शिकार बनाया था। इसके बाद परासिया रेंज के खुलसान गांव में 10 साल की पूनम सल्लाम को मार डाला था। मार्च 2018 में वन विभाग की टीम ने 5 साल के इस नर तेंदुए को पकड़ लिया था।

### हमारी सरकार आई तो महाकाल मंदिर में नि:शुल्क दर्शन व्यवस्था का कानून बनाएंगे - दिग्विजयसिंह

**उज्जैन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने कहा कि हमारी सरकार आई तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के कहे अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर में नि:शुल्क दर्शन के कानून बनाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह बुधवार को महामंडलेश्वर कम्प्यूटर बाबा की गौमाता बचाव यात्रा के समापन अवसर पर शिप्रा तट पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। यह यात्रा 26 सितम्बर को चित्रकूट से प्रारंभ हुई थी। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए वरिष्ठ नेता दिग्विजयसिंह ने इजराईल व हमास के मध्य चल रहे विवाद पर कहा कि कांग्रेस हमेशा आतंकवाद गतिविधियों के खिलाफ रही है। लेकिन हमास को हम आतंकवादी संगठन कह सकते है। हम उसका समर्थन कभी नहीं करेंगे।

केन-बेतवा प्रोजेक्ट के साइड इफेक्ट

# डैम बना तो इंसान और जानवर सब प्यासे मर जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** करीब 18 साल से अटके केन-बेतवा प्रोजेक्ट को सशर्त हरी झंडी तो मिल गई है, लेकिन वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अब भी इस योजना पर सवाल उठा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्वतंत्र कमेटी ने भी केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट को पर्यावरण के लिए बड़ा नुकसान बताया है। इन सबका कहना है कि प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा असर पन्ना टाइगर रिजर्व में टाइगर्स, वल्चर्स और घड़ियालों के आवासों पर पड़ेगा।

विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर यह समझने की कोशिश की कि आखिर कैसे केन-बेतवा प्रोजेक्ट केन नदी और पन्ना टाइगर रिजर्व की जैव विविधता (बायो डायवर्सिटी) को नुकसान पहुंचा सकता है। केन नदी पर डैम बनने से पन्ना के स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। पन्ना का एक बड़ा हिस्सा केन नदी के निचले इलाके मतलब डैम की दूसरी तरफ है। लोगों को आशंका है कि डैम बनने के बाद अधिकांश पानी को उसी तरफ रोककर लिंक कैनाल के जरिए बुंदेलखंड के बाकी हिस्सों में भेजा जाएगा।

**पहली कमेटी भंग की, दूसरी बनाकर लिया क्लियरेंस-** सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में एक सेंटर एम्पावर्ड कमेटी बनाई थी। कमेटी ने यह सुझाव दिया था कि किसी भी संरक्षित और नाजुक परिस्थितिकी तंत्र को किसी विकास परियोजना से नष्ट नहीं करना चाहिए और वो भी देश के एक महत्वपूर्ण टाइगर हैबिटेट में। ऐसे कदम लॉन्ग टर्म में न तो वन्यजीवों और न ही मानव समाज के हित में होंगे। यह भी सवाल किया था कि क्या केन में इतना सरप्लस पानी है कि उसका इस्तेमाल बुंदेलखंड के अलग-अलग हिस्सों में सिंचाई के लिए किया जा सके?

प्रोजेक्ट को क्लियरेंस देने के लिए एक एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी बनाई गई थी। परियोजना में आ रही रुकावटों को दूर करने में तेजी लाने के लिए अगस्त 2015 से जून 2016 तक पांच बैठकें हुईं। इनमें पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर कोई स्पष्ट जवाब न मिलने के कारण प्रोजेक्ट को एनवायरमेंट क्लियरेंस नहीं दिया गया। इसके बाद एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी को भंग कर दिया गया।

नई कमेटी ने दिसंबर 2016 में अपनी पहली बैठक में ही क्लियरेंस दे दिया। पुरानी कमेटी के सदस्यों का आरोप है कि इस बैठक में उन सवालों का कोई जवाब नहीं मांगा गया था, जिसके चलते इस प्रोजेक्ट को क्लियरेंस नहीं दी जा रही थी।

**एक्सपर्ट की चिंता- न पानी मिलेगा और न पार्क बचेगा-** पन्ना टाइगर रिजर्व को नेशनल पार्क के रूप में नोटिफाई कराने में सबसे अहम भूमिका मध्यप्रदेश के पूर्व फॉरेस्ट सेक्रेटरी एमके रणजीत सिंह झाला ने निभाई थी।

# सिंधिया ने कांग्रेस को अहंकारी बताया

## ◆ कमलनाथ बोले- हर चीज के पीछे कांग्रेस क्यों दिखती है?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों में वार-पलटवार तेज हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट की गई, इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की फोटो के साथ लिखा था- ह्यमामा का श्राद्ध... श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट। इस ट्वीट के बाद सबसे पहले बीजेपी प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा ने हमला बोला। फिर शिवराज के बेटे कार्तिकेय सिंह और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा- ह्यराज्य चुनाव में अपनी आती हुई हार देखकर कांग्रेस पार्टी बौखलाने लगी है और राजनीति के भीतर सूचिता, भाषा व सम्मान को भूल चुकी है। रोज एक नए निचले स्तर पर गिरती जा रही है। श्राद्ध मनाना है तो अपने सिद्धांतों का मनाइए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। जिस भ्रष्ट और अहंकारी राजनीति की राह कांग्रेस ने पकड़ी है वही उसे उसके अस्तित्व के अंत तक ले जाएगी।

**कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं...** कमलनाथ ने ट्वीट कर सीएम शिवराज के लिए लिखा- समझ नहीं आता आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस ही क्यों नजर आती है। अगर आपको लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करिए।

# मुंबई के युवक से पकड़ाई 85 लाख की गोल्ड ज्वेलरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में एक बार फिर से 85 लाख की गोल्ड ज्वेलरी पकड़ाई है। जीआरपी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुंबई से के एक शख्स को ज्वेलरी के साथ पकड़ा है जो ट्रेन से मुंबई जाने की फिराक मे था। प्लेटफार्म नंबर 4 पर रेलवे पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके बाद कार्यवाही करते हुए पुलिस ने डेढ़ किलो से ज्यादा गोल्ड की ज्वेलरी पकड़ी है । इस शख्स के पास ज्वेलरी के पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने मामला आयकर सहित दूसरे संबंधित विभागों को सौपा है। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ाए गए शख्स का नाम कमलेश सिंह है जो कि मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। युवक के अनुसार वह सैंपल ज्वेलरी दिखाने के लिए पहले उदयपुर और फिर रतलाम पहुंचा था। लेकिन ज्वेलरी के पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने की वजह से मामला उलझ गया। गौरतलब है कुछ दिनों पहले ही स्टेशन रोड थाना पुलिस ने भी 5 करोड़ से अधिक की गोल्ड ज्वेलरी जप्त की थी और आज एक बार फिर से इस तरह से गोल्ड ज्वेलरी पकड़ाई हैं। वही रेलवे पुलिस आयकर विभाग सहित अन्य विभाग मामले की जांच में जुटे हैं गौरतलब है कि प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद पुलिस प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई और छोटी-छोटी सूचनाएं मिलने के बाद प्रशासन अब ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटा है।

# 15 दिन में दो ग्रहण, शरद पूर्णिमा पर ग्रहण होने से खीर प्रसादी वितरित नहीं होगी

## शनिश्चरी और सर्वपितृ अमावस्या का संयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** आगामी 15 दिनो में दो ग्रहण लगने वाले है। पितृमोक्ष अमावस्या 14 अक्टूबर को सूर्यग्रहण और शरद पूर्णिमा 28 अक्टूबर को चंद्रग्रहण का संयोग है। हालांकि सूर्यग्रहण भारत में दिखाई नहीं देने वाला है,लेकिन शरद पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण रहेगा,जो भारत वर्ष में दिखाई देगा। शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा की शीतल रोशनी में बनने वाली खीर व दूध भी इस बार ग्रहण के कारण मध्यरात्रि में नहीं बनेगा।

सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए हमारे यहां न तो इसका कोई सूतक मान्य होगा और न ही कोई दोष लगेगा,इसलिए पितृमोक्ष अमावस्या के दिन सभी प्रकार के आयोजन निर्विघ्न होंगे। इसी प्रकार शरद पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण लगेगा,जो भारतवर्ष में दिखाई देगा। इस ग्रहण का सूतक दोपहर बाद से प्रारंभ होगा,जो मध्यरात्रि के बाद तक रहेगा। इस दिन रात्रि में मंदिरों के पट बंद रहेंगे,मंदिरों में भजन कीर्तन तो होंगे,लेकिन खीर का भोग नहीं लगेगा। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या 14 अक्टूबर को शनिश्चरी अमावस्या के रूप में आ रही है। वैसे अश्विन मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है।

# संपादकीय

## जनगणना प्रमुख मुद्दा

देश के सभी राजनीतिक दलों की मुख्य जिम्मेदारी बनती है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सभी पार्टियां किसी न किसी बहाने जाति को आधार बना कर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करना चाहती हैं। बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े आने के बाद अब यह एक तरह से राष्ट्रीय चुनावी राजनीति का एक अहम औजार मान लिया गया है और खासतौर पर विपक्षी गठबंधन इसे अपने हक में कारगर मुद्दे के तौर पर देख रहा है। इसी को देखते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इस पर अपने रुख से यह लगभग साफ कर दिया है कि 2024 के आम चुनाव में जाति का सवाल उनकी पार्टी और गठबंधन के लिए सबसे प्रमुख मुद्दा होने जा रहा है। मंगलवार को उन्होंने जाति जनगणना को देश का 'एक्स-रे' करार दिया और कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की दशा को उजागर करेगा, जो 'घायल' है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार को यह कवायद कराने के लिए मजबूर करेगी। अपनी नई राजनीति में राहुल गांधी ने जाति जनगणना को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए यह साफ कर दिया है कि वे वंचित सामाजिक तबकों को उनका अधिकार दिलाने पर जोर देंगे। लेकिन सवाल है कि इस मसले को राजनीति का मुख्य केंद्र बनाने के नतीजे में देश और समाज में कौन-सी नई परिस्थितियां पैदा होंगी और उसमें वास्तविक न्याय कितना सुनिश्चित हो सकेगा! सही है कि जाति भारतीय समाज की एक हकीकत रही है और समूचे सत्ता संरचना और तंत्र के स्तर पर एक बड़े सामाजिक समूहों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकी। इसके लिए स्वतंत्रता के बाद से सत्ता संभालने वाली अमूमन सभी सरकारों की अपनाई गई वे नीतियां जिम्मेदार रही हैं, जिनमें घोषणाएं तो समूची जनता का हित तय करने के लिए की गईं, लेकिन व्यवहार में समाज का ज्यादातर हिस्सा जनकल्याण की योजनाओं के वास्तविक लाभों के दायरे से बाहर ही रहा। तो अब अगर राहुल गांधी और उनकी पार्टी जाति को केंद्र में रख कर राजनीति की दिशा तय करने का संकेत दे रहे हैं तो क्या यह अतीत में उनकी पार्टी की ओर से हुई 'चूक' की स्वीकारोक्ति भी है? जाति आधारित जनगणना का मकसद अगर हर स्तर पर वंचित रह गए सामाजिक समूहों की पहचान और इसके कारणों की पड़ताल कर एक समावेशी व्यवस्था तैयार करने के रूप में अमल में आता है, तो इससे किसी को असहमति नहीं होगी। कोई भी इंसाफ-पसंद व्यक्ति और समूह यही चाहेगा।

### अर्ज़ किया है..!

*कभी कहा न किसी से*
*तिरे फ़साने को*
*न जाने कैसे*
*ख़बर हो गई ज़माने को*

*- क़मर जलालवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## हम सुखी होने के लिए दुःखी हो रहे हैं, यह अमंगल है... हम दूसरों को सुखी करने के लिए दुःखी हो वो मंगल है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# शारदीय नवरात्रि का कब है पहला दिन?

**◆ जानें कलश स्थापना टाइम, मां शैलपुत्री का प्रिय पुष्प, रंग, भोग व मंत्र**

मां आदिशक्ति दुर्गा को समर्पित पर्व शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि मां शैलपुत्री की उपासना करने से जातक को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के आशीर्वाद से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**नवरात्रि के पहले दिन की जाती है घटस्थापनाः** नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना या घटस्थापना की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि में कलश स्थापना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं।

**प्रतिपदा तिथि कब से कब तकः** प्रतिपदा तिथि 14 अक्टूबर 2023 को रात 11 बजकर 24 मिनट से प्रारंभ होगी और 16 अक्टूबर 2023 को देर रात 12 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी।

**कलश स्थापना का शुभ मुहूर्तः** नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 44 मिनट से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। कुल अवधि 46 मिनट की है।

### नवरात्रि के पहले दिन पूजन के शुभ मुहूर्तः

**ब्रह्म मुहूर्त-** 04:42 ए एम से 05:32 ए एम

**प्रातः सन्ध्या-** 05:07 ए एम से 06:22 ए एम



**अभिजित मुहूर्त-** 11:44 ए एम से 12:30 पी एम

**विजय मुहूर्त-** 02:02 पी एम से 02:48 पी एम

**गोधूलि मुहूर्त-** 05:52 पी एम से 06:17 पी एम

**सायाह्न सन्ध्या-** 05:52 पी एम से 07:07 पी एम

**अमृत काल-** 11:20 ए एम से 01:03 पी एम

**मां शैलपुत्री का मंत्रः** वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्। वृषारुढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥

**नवरात्रि के पहले दिन का शुभ रंगः** नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित है। मां शैलपुत्री का पसंदीदा रंग लाल है।


**मां शैलपुत्री भोगः** मां शैलपुत्री को गाय के घी और दूध से बनी चीजों का भोग लगाना शुभ माना गया है।

**मां शैलपुत्री का पसंदीदा पुष्पः** मां शैलपुत्री को सफेद रंग अत्यंत प्रिय है। इसलिए इस दिन माता रानी को सफेद रंग का पुष्प अर्पित करना चाहिए।

# सूर्य ग्रहण पर सालों बाद बन रहा एक दुर्लभ योग, इन 5 राशियों की चमकेगी किस्मत

14 अक्टूबर 2023 को सर्वपितृ अमावस्या के साथ साल का दूसरा व आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा, जिससे इस दिन का महत्व बढ़ रहा है। ग्रहण के दौरान सूर्य और बुध दोनों कन्या राशि में होंगे, जिससे बुधादित्य योग बनेगा। ग्रहों की ऐसी स्थिति करीब 178 साल बाद बन रही है, यह आखिरी बार 1845 में हुआ था। साल के दूसरे सूर्यग्रहण के दौरान बुधादित्य योग बनने से कई राशि के जातकों को आर्थिक रूप से फायदा हो सकता है।

सर्वपितृ अमावस्या पर लगा सूर्य ग्रहणः यह ग्रहण शनिवार को होने के कारण इसे शनि अमावस्या भी कहा जाता है। यह दिन पितृ अनुष्ठान करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन श्राद्ध व तर्पण करने से शुभ परिणाम मिलते हैं। सर्वपितृ अमावस्या को महालय अमावस्या भी कहा जाता है। जानें साल का दूसरा सूर्यग्रहण किन राशियों की चमका सकता है किस्मतः



**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों के लिए साल का दूसरा व आखिरी सूर्यग्रहण अच्छी संभावनाएं ला सकता है। इस दौरान आपको आर्थिक संपन्नता प्राप्त हो सकती है। आप आनंददायक जीवन गुजारेंगे। आप अपने कार्यों को पूर्ण कर पाएंगे।

**सिंह राशिः** 14 अक्टूबर को लगने वाला साल का दूसरा सूर्यग्रहण सिंह राशि वालों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपको भाग्य का साथ मिलेगा और कार्यों में सफलता अर्जित करेंगे। आप परिवार के साथ कहीं यात्रा पर जाने की भी प्लानिंग बना सकते हैं।

**तुला राशिः** साल का आखिरी सूर्य ग्रहण तुला राशि वालों के लिए अच्छे परिणाम ला सकता है। इस दौरान आप पॉजिटिविटी, सुख-समृद्धि व मान-सम्मान अर्जित करेंगे। आप अपने कार्यों से उच्चाधिकारी प्रभावित करेंगे। भाग्य आपका साथ देगा।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों के लिए सूर्य ग्रहण शुभ समाचार ला सकता है। ग्रहण काल में आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप अपनी मेहनत का पूरा फल प्राप्त करेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा।

New Delhi

# बक्सर ट्रेन हादसा: 4 की मौत, 100 से ज्यादा घायल, 20 घायलों को पटना AIIMS किया रेफर

**बक्सर, (एजेंसी) दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से असम के कामाख्या तक जा रही 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के छह डिब्बे बुधवार को बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 100 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। 20 घायलों को पटना एम्स रेफर कर दिया गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईस्ट सेंट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर ने बताया कि नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के 21 कोच डीरेल हुए हैं।**

अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रात नौ बजकर 53 मिनट पर हुई। कुल 23 डिब्बों वाली ट्रेन बुधवार सुबह सात बजकर 40 मिनट पर दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से रवाना हुई थी।



घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव उपाय शुरू किए गए तथा एम्बुलेंस एवं चिकित्सकों को घटनास्थल भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनास्थल से यात्रियों को ले जाने के लिए पटना से एक 'स्क्रैच रेक' भेजा गया है। 'स्क्रैच रेक' एक अस्थायी रेक होता है, जो मूल ट्रेन के समान होता है।

वहीं रेलवे पुलिस बल के निरीक्षक दीपक कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''चिकित्सकीय दल घटनास्थल पर भेजे गए हैं।'' उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने बक्सर शहर के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बीरेंद्र कुमार ने कहा, ''हमने बचाव और चिकित्सकीय दल मौके पर भेज दिए हैं। रेलवे ने यात्रियों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।''

New Delhi

## 89 साल की उम्र में तलाक लेने पहुंचा पति, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह अन्याय है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय समाज में विवाह को पवित्र और अध्यात्मिक मिलन माना जाता है, इसलिए विवाह के अपूरणीय विघटन (टूट के कगार पर पहुंच चुकी शादी) के आधार पर तलाक को मंजूरी नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने 89 साल के एक व्यक्ति की मांग को खारिज करते हुए यह फैसला दिया। इस व्यक्ति ने 82 साल की पत्नी से तलाक की मांग की थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि पत्नी ने 1963 यानी 60 सालों से अपने पूरे जीवन भर पवित्र रिश्ते को बनाए रखा। उन्होंने इन वर्षों में अपने तीन बच्चों की देखभाल की और इस तथ्य के बावजूद पति ने उनके प्रति पूरी शत्रुता प्रदर्शित की। शीर्ष अदालत ने कहा कि पत्नी अब भी पति की देखभाल के लिए तैयार और इच्छुक है। वह जीवन के इस पड़ाव पर उसे अकेला नहीं छोड़ना चाहती। फैसले में कहा गया कि पत्नी ने यह भावना व्यक्त की कि वह तलाकशुदा महिला होने का कलंक लेकर मरना नहीं चाहती। शीर्ष अदालत ने फैसले में स्पष्ट किया कि समकालीन समाज में, इसे (तलाकशुदा होना) कलंक नहीं माना जा सकता है, लेकिन फिर भी हम प्रतिवादी (पत्नी) की भावना से चिंतित हैं। पीठ ने कहा कि ऐसे में पत्नी की इच्छा को ध्यान में रखते हुए तलाक को मंजूरी नहीं दी जा सकती।

Uttarpradesh

## थाने में चोरी! मालखाने से लाइसेंसी बंदूक गायब, 11 साल पुराने रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

**आगरा, (एजेंसी)** थानों के मालखाने भी सुरक्षित नहीं हैं। आगरा में एत्मादपुर थाने के मालखाने से एक लाइसेंसी बंदूक गायब हो गई। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। पुलिस आयुक्त ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। थाने में 11 साल पुराना रिकार्ड खंगाला जा रहा है। पीड़ित के पास बंदूक जमा करते समय थाने से दी गई रसीद मौजूद है। रसीद सुरक्षित नहीं रखी होती तो बंदूक का दावा भी नहीं कर पाता। मामला एत्मादपुर के गांव बिहारीपुर का है। रामनिवास ने बताया कि वह आलू किसान है। पिता श्यामवीर सिंह पूर्व प्रधान थे। 14 जुलाई 2012 को चुनाव के समय पिता ने अपनी लाइसेंसी बंदूक एत्मादपुर थाने में जमा की थी। उसके बाद पिता की तबियत खराब हो गई। उन्हें लकवा मार गया। वह बंदूक रखने की स्थिति में नहीं थे, इसलिए थाने बंदूक लेने नहीं गए। बीच में वह कई बार थाने बंदूक लेने गया। उससे कहा गया कि जिनके नाम लाइसेंस है उन्हें ही दी जाएगी। वह वापस लौट आता था।

Punjab

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ : बब्बर खालसा के तीन गुर्गे काबू, टारगेट किलिंग से दहशत फैलाने की रची थी साजिश

**अमृतसर (पंजाब), (एजेंसी)** पंजाब पुलिस ने टारगेट किलिंग पर बड़ा वार किया है। पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के तीन गुर्गों को अमृतसर के अजनाला से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने .32 बोर के दो पिस्तौल, तीन मैग्जीन और 11 कारतूसों के साथ तरनतारन नंबर की एक कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह जानकारी डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार देर शाम को दी। डीजीपी यादव ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतसर जिले के सीमांत इलाका रमदास निवासी जसविंदर सिंह, लवप्रीत सिंह और गुरप्रताप सिंह के रूप में बताई है। उन्होंने बताया कि बीकेआई समर्थित इस टेरर मॉड्यूल को आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का गुर्गा हरप्रीत सिंह हैप्पी अपने साथियों हरबीर सिंह और नवरूप सिंह के साथ मिलकर चला रहा है। हैप्पी अभी अमेरिका में है। गौरव यादव ने बताया कि सूत्रों से इनपुट मिले थे कि बीकेआई के कुछ गुर्गे सीमांत इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके तुरंत बाद अमृतसर ग्रामीण पुलिस की टीम ने कमिश्नरेट पुलिस और एसएसओसी की टीम के साथ मिलकर अजनाला के इलाके में स्पेशल नाकेबंदी की और आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर तीन युवकों को काबू कर लिया है।

खेल

## भारत ने विश्व कप में सातवीं बार 250+ का लक्ष्य हासिल किया, सफल चेज में रोहित का रिकॉर्ड तीसरा शतक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** विश्व कप 2023 में भारत का विजयी अभियान जारी है। अपने दूसरे मैच में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्ता ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 272 रन बनाए थे। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 80 रन और अजमतुल्लाह उमरजई ने 62 रन की पारी खेली थी।

जवाब में भारत ने 35 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 84 गेंदों में 16 चौके और पांच छक्के की मदद से 131 रन की पारी खेली। रोहित को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं, विराट कोहली 56 गेंदों में 55 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। भारत का अगला मैच अब 14 अक्तूबर को अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ है।



भारत ने वनडे विश्व कप में रिकॉर्ड सातवीं बार 250 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। बाकी टीमों को देखा जाए तो किसी ने भी पांच से ज्यादा बार 250 से ज्यादा के लक्ष्य को हासिल नहीं किया है। वहीं, विश्व कप में भारत द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए लक्ष्य में रोहित का यह तीसरा शतकीय योगदान रहा। इस मामले में वह वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज गॉर्डन ग्रीनीज, पाकिस्तान के रमीज राजा और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग को पीछे छोड़ दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही। जसप्रीत बुमराह ने 32 के स्कोर पर टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने इब्राहिम जादरान (22) को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया। इसके बाद हार्दिक ने रहमनुल्लाह गुरबाज को बाउंड्री पर शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच कराया। गुरबाज 21 रन बना सके। शार्दुल ने बाउंड्री लाइन पर शानदार कैच लपका। 63 रन पर अफगानिस्तान को दो झटके लगे। गुरबाज के बाद रहमत शाह भी आउट हो गए। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। रहमत ने 16 रन की पारी खेली। इसके बाद कप्तान हशमतुल्लाह ने अजमतुल्लाह के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 163 रन की साझेदारी निभाई। हशमतुल्लाह और अजमतुल्लाह दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। इस साझेदारी को हार्दिक ने तोड़ा। उन्होंने अजमतुल्लाह को क्लीन बोल्ड किया। अजमतुल्लाह ने 69 गेंदों में दो चौके और चार छक्के की मदद से 62 रन की पारी खेली। वहीं, शाहिदी 88 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुलदीप यादव ने पवेलियन भेजा।

इसके बाद बुमराह ने मोहम्मद नबी (19), नजीबुल्लाह जादरान (2) और राशिद खान (16) को पवेलियन भेजा। मुजीब 10 रन और नवीन उल हक नौ रन बनाकर नाबाद रहे। बुमराह ने 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट झटके।

सिनेमा

## अर्जुन कपूर ने क्या खत्म की सलमान खान के साथ कोल्ड वॉर? टाइगर 3 के लिए किया कुछ खास



अर्जुन कपूर और सलमान खान के बीच विवाद की खबर कई बार आई है। ऐसा कहा जाता है कि दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं है और सलमान-अर्जुन एक-दूसरे से बात नहीं करते हैं। कई इवेंट्स में दोनों एक-दूसरे को नजरअंदाज करते दिखे हैं। हालांकि बुधवार को कुछ ऐसा हुआ जिससे लग रहा है कि अर्जुन कपूर ने सलमान के साथ अपने विवाद की अटकलों पर विराम लगा दिया है। इस बात को सुनकर दोनों के फैंस जरूर खुश होंगे क्योंकि एक समय पर सलमान-अर्जुन के बीच काफी अच्छा बॉन्ड था।

दरअसल, सलमान की फिल्म आ रही है टाइगर 3 जिसे यश राज फिल्म्स बना रही है। बीते दिन सलमान ने अनाउंस किया कि वह आईसीसी वर्ल्ड कप इंडिया वर्सेस पाकिस्तान के मैच को अटेंड करेंगे जो 14 अक्टूबर को है। वह अपनी फिल्म टाइगर 3 को प्रमोट करने जाएंगे। इस वीडियो अनाउंसमेंट को यश राज फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया। यश राज के इस पोस्ट को अर्जुन ने लाइक किया है। अर्जुन के ऐसा करने पर दोनों के बीच के विवाद की खबरों पर फुल स्टॉप लग गया है।

# Chairperson of IAMAI must now be from an Indian firm

## Highlights

1. 20,000 Indians in Israel, not aware of deaths: Israeli diplomat
2. 2 held over death of cab driver who was dragged under car in Delhi
3. 'PM Modi got rockstar reception in Sydney,' Aus Speaker recalls
4. Massive fire breaks out near Delhi's Peera Garhi Metro Station
5. Masked men hit staff, loot petrol pump at gunpoint in Delhi; CCTV captures act
6. 'I'm shocked,' says Israeli diplomat on Tharoor's remarks on Hamas, Tharoor clarifies

**NEW DELHI, (Agency).** The chairperson of one of the top industry bodies for technology companies, the Internet and Mobile Association of India (IAMAI), must now be from an Indian company, the body's members ruled on October 10 during an extraordinary general meeting.

Around 50% of all seats in the IAMAI's governing council must also be reserved for Indian firms while the others will be open to all types of members during elections, five individuals who attended the EGM told HT. The body also ruled that to become a member of the governing council, the individuals must be founders, co-founders, chairperson, country heads, CEOs, COOs, or executive directors.

We're now on WhatsApp. Click to join.

An Indian company has been defined as one that has a permanent establishment in India, and whose parent company receives majority of its



revenue from India.

Exceptions have been made for software-as-a-service (SaaS) and similar companies where the company might be Indian but a bulk of its revenues might come from outside India.

Moneycontrol first reported about the passage of these three resolutions.

These resolutions were passed by the 25-member governing council earlier. These were first discussed at least two months ago to wrestle control of policymaking on technology issues from non-Indian Big Tech platforms. IAMAI is headed by an executive council that is currently chaired by Dream11's Harsh Jain. Its vice-chairperson is MakeMyTrip's Rajesh Magow while Times Internet's Satyan Gajwani is the treasurer. Subho Ray is the IAMAI president. When HT contacted Ray, he refused to comment stating that he does not talk to the media.

During the meeting, Shweta Rajpal Kohli, chief public policy officer at Peak XV Partners (formerly Sequoia Capital India and Southeast Asia), said that Indian startups and founders are strong and vibrant enough to compete with the rest of the world.

# Arvind and Company Shipping - SME IPO for NSE listing opens. Details here

**NEW DELHI, (Agency).** Arvind and Company Shipping Agencies Ltd. (ACSAL) launched its Initial Public Offering (IPO) on Thursday with a subscription period closing on Monday. The company's IPO price band has been fixed at ₹45.

Arvind and Company Shipping IPO Details

ACSAL is offering 3,276,000 equity shares at




a fixed price of ₹45 per share, including a premium of ₹35 per share. The primary objective of this offering is to raise ₹14.74 crore, and it does not include an offer for sale (OFS) component, as stated in the Red Herring Prospectus (RHP).

We're now on WhatsApp. Click to join.

Listing on the NSE SME Emerge Platform

Upon successful completion of the IPO, ACSAL's shares will be listed on the National Stock Exchange (NSE), specifically on its SME Emerge platform.

Beeline Capital Advisors Private Limited is the lead manager for this offering, and Skyline Financial Services Pvt. Ltd. is the registrar.

Utilisation of Proceeds

The proceeds generated from the IPO will be allocated for multiple purposes, including financing capital expenditures, covering general corporate expenses, and managing the costs associated with the public issue.

# सड़क पर लहूलुहान पड़ा मिला युवक

◆ होश आया तो पुलिस को पता चला कि बदमाशों ने हमला कर लूटा है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रोबोट चौराहे पर बुधवार रात दो बजे बाइक सवार बदमाशों ने एक मोपेड सवार व्यक्ति के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने करीब पांच के लगभग चाकू से वार किये। गंभीर हालत में राहगीर ने उसे देखा तो डायल 100 को सूचना की। इसके बाद पीसीआर वैन से ही उसे पुलिसकर्मियों ने अस्पताल में लाकर भर्ती करा दिया।**

घटना लसूडिया, विजयनगर और खजराना इलाके की सीमा क्षेत्र के बीच की है। यहां रात दो बजे के लगभग रोबोट चौराहे से आगे देवीलाल पिता घीसाजी परसिया निवासी निरंजपुर घायल अवस्था में पुलिस को पड़ा मिला। देवीलाल के सिर ओर कमर और हाथ में चोट के निशान थे। रात में पुलिस उसे एमवाय लेकर पहुंची। यहां पता चला कि उस पर चाकू से हमला हुआ है। होश में आने के बाद देवीलाल ने बताया कि बदमाशों ने उसे रास्ते में रोका ओर रूपये ओर मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वह रात में अपने घर जा रहा था। बाद में वह बेहोश हो गया। परिवार ने बताया कि देवीलाल गुजरात से सुबह ही आया था। वह एक माह पहले काम के सिलसिले में यहां गया था। उसके पास लगभग 20 हजार रूपये भी रखे हुए थे। देर रात से सुबह तक देवीलाल को लेकर तीनों थानो की पुलिस घटनास्थल नहीं बता पाई। अफसरों के मुताबिक देवीलाल की गाड़ी मौके पर ही है। सुबह पुलिसकर्मियों को भेजकर मौके थाने की सीमा क्षेत्र की जानकारी लेंगे।

# अब मिलिट्री कालेज में तेंदुए की दहशत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आर्मी वार कालेज के बाद अब मिलिट्री कालेज आफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियिरंग (एमसीटीई) परिसर में तेंदुए नजर आया है। बुधवार वन विभाग ने तेंदुए को ढूंढने के लिए एक और रेस्क्यू टीम बनाकर सर्चिंग शुरू कर दी। फिर शाम को एमसीटीआई में भी पिंजरा में बकरी रखकर तेंदुए को पकडऩे का प्रयास किया। यहां तक कि ट्रैप कैमरे लगाए गए।**

मगर गुरुवार सुबह दोनों कालेज परिसर के कैमरों में कुछ भी नहीं मिला। अंदाजा लगाया जा रहा है कि तेंदुए वापस जंगल की तरफ निकल पड़ा है। हालांकि वनमंडल अधिकारी एमएस सोलंकी ने तीन दिन तक पिंजरा नहीं हटाने के निर्देश दिए है।

सोमवार को आर्मी वार कालेज में तेंदुआ घूस आया। 48 घंटे से महू रेंज और रालामंडल की रेस्क्यू टीम ढूंढने में लगी है। इस बीच बुधवार को एमसीटीआइ में भी तेंदुए नजर आया। वहां भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। जानकारी लगते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों परिसर के लिए अलग-अलग टीमें बनाई। वनकर्मियों के मुताबिक, आर्मी वार कालेज में लगे पिंजरे के बेहद नजदीक तेंदुआ आ चुका था, लेकिन उस दौरान किसी जानवर की आवाज होने के चलते वह पिंजरे में रखे बकरे का शिकार नहीं कर पाया।

## ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं

अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार रात को दोनों परिसर में तीन से चार ट्रैप कैमरे लगाए है। साथ ही वनकर्मियों की भी ड्यूटी वहां लगाई है। ताकि तेंदुए पर नजर रखी जा सके। तेंदुए के डर से लोग काफी दहशत में है। शाम को घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार को दोनों कैमरे को खंगाला गया। मगर एक भी तेंदुए की तस्वीर कैद नहीं हुई है। वे बताते है कि संख्या बढऩे से जंगल से बाहर तेंदुए निकल रहे है।

# गर्भवती गाय पर कुल्हाड़ी से हमला

## डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले किशनगंज में गर्भवती गाय पर कुल्हाड़ी से हमले का मामला सामने आया है। जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स भी घटना स्थल पहुंचा और मामले की जांच कर रहा है।

इधर, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि किसी व्यक्ति ने गाय पर कुल्हाड़ी से हमला किया। इस दौरान गाय का पेट फट गया। वहीं पेट में ही गाय के बच्चे की मौत हो गई जिसे बाहर निकाला गया। अगर किशनगंज पुलिस तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करती है, तो बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने का घेराव करेंगे। मामले में किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री का कहना है कि दोनों कौशल समाज के लोग हैं। 7 दिन पहले कुल्हाड़ी मारी गई थी। आज जब गाय की डिलीवरी करवाई गई तो बच्चा मृत पाया गया, मामले की जांच की जा रही है।

## नशे के लिए चोरी करने वाले 3 बदमाश पकड़ाए

इंदौर। लसूडिया पुलिस ने 3 चोरों को पकड़ा है, ये नशे के लिए चोरी करते थे। आरोपियों के नाम रोहित उर्फ पाटर भालसे और दो नाबालिग (तीनों निवासी मालवीय नगर) हैं। आरोपियों ने निरंजपुर में वर्षा के घर चोरी की थी। इन्हें फुटेज के आधार पर पकड़ा है। उधर, कनाडिया टीआई केपी यादव की टीम ने भी तीन चोरों को पकड़ा है। इनके नाम दीपक उर्फ भांजा बंसल निवासी सूरज नगर और उसके साथी मनीष सोनेरे व अनिल गुनावत हैं।

# आचार संहिता : आटो, ई रिक्शा से हटवाए स्टीकर

◆ अनाधिकृत हूटर एवं ब्लेक फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आचार संहिता लागू होने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को ट्रैफिक टीम ने आरटीओ के साथ तेजाजीनगर एवं राजीव गांधी चौराहे के आसपास कार्रवाई करते हुए 45 लोक परिवहन जिनमें आटो, ई रिक्शा आदि से स्टीकर हटवाते हुए 23 पर चालानी कार्रवाई की। डीसीपी ट्रैफिक मनीषकुमार अग्रवाल की उपस्थिति में ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र में 96 ई रिक्शा, ऑटो से राजनीतिक प्रचार स्टिकर लेक्स हटवाए। वहीं समझाईश दी कि लोक परिवहन वाहनों पर बिना वैधानिक अनुमति के किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार प्रसार स्टीकर ना लगाए, यदि चैकिंग के दौरान बिना अनुमति प्रचार स्टिकर पाए जाते है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस टीमों द्वारा विशेष चेकिंग पॉइंट लगाकर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है जिन पर हूटर, ब्लैक फिल्म आदि लगे पाए जाते है। यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

# जांच में थोड़ी सी चूक का फायदा उठा लेते हैं अपराधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपराधों में हर स्तर पर बारीकी से जांच होनी चाहिए, इसमें थोड़ी सी चूक भी अपराधी के बचाव में सहायक हो सकती है। सभी प्रकार के अपराधों एवं महिला अपराधों में डिजिटल व वैज्ञानिक साक्ष्य अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, अतः इन्हें सहेजने व अपराधों की विवेचना में इनका प्रयोग करने में पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए तथा जांच के दौरान सभी पहलुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिये। उक्त बात पुलिस उपायुक्त इंदौर ज़ोन-3 श्री पंकज पाण्डे एवं उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स विंग इंदौर श्री राजेन्द्र चतुर्वेदी ने बुधवार को अपराधों में त्वरित कार्यवाही व विवेचना को बेहतर व गुणात्मक तरीके के करने संबंधी पलासिया स्थित आयुक्त कार्यालय सभागृह में आयोजित कार्यशाला में कही। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुयालय सीमा अलावा सहित नगरीय पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्तगण की उपस्थिति में सभी थानों में नए उपनिरीक्षकों को विभिन्न अपराधों, मर्ग जांच एवं एनडीपीएस एक्ट के अपराधों की और बेहतर विवेचना तथा डीजिटल साक्ष्यों की उपयोगिता एवं महत्व और अनुसंधान में इनका उपयोग किस प्रकार किया जाए इसके संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। दोनों पुलिस अधिकारियो द्वारा विवेचना अधिकारियों को विभिन्न अपराधों की केस स्टडी के माध्यम से अनुसंधान की बारिकियों का प्रेक्टिकल नॉलेज देकर, प्रशिक्षणार्थियों के कई डाउट्स का बड़े ही रोचक ढंग से निराकरण किया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।